## कार्यालय – प्राचार्य

## मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला, जिला –बालोद (छ.ग.)

### //सूचना//

### छात्रवृत्ति 2024–25

### संस्था परिवर्तन, कोर्स परिवर्तन, कोर्स एवं संस्था परिवर्तन, वर्ष परिवर्तन से संबंधित

वर्तमान में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु पोर्टल प्रारंभ हो चुका है। आपके एवं विद्यार्थियों द्वारा यह जानकारी प्राप्त हो रही है कि विद्यार्थी का आवेदन लॉक नही हो रहा है उक्त संबंध में विदित हो कि यह सत्य है और बहुत जल्द ही आवेदन लॉक किए जाने ऑप्शन पोर्टल में उपलब्ध कराया जाएगा।

इसके साथ ही गत वर्ष की भांति ही संस्था परिवर्तन, कोर्स परिवर्तन, कोर्स एवं संस्था परिवर्तन, वर्ष परिवर्तन ( **INSTITUTE CHANGE, COURSE CHANGE, COURSE AND INSTITUTE CHANGE, YEAR CHANGE** ) के लिए भी आपके एवं विद्यार्थियों द्वारा फोन कर अथवा स्वयं उपस्थित होकर जानकारी चाह रहे है। इस संबंध आप सर्व संस्था प्रमुख/प्राचार्य/छात्रवृत्ति प्रभारी अपने संस्था में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सूचित करेंगे कि संस्था परिवर्तन, कोर्स परिवर्तन, कोर्स एवं संस्था परिवर्तन, वर्ष परिवर्तन कार्यवाही बाद में की जावेगी एवं विद्यार्थियों से डिटेल लेकर गत वर्ष की भांति एक्सलसीट तैयार करेंगे जिसके जमा किए जाने की सूचना पृथक से दिया जावेगा।

संस्था परिवर्तन, कोर्स परिवर्तन, कोर्स एवं संस्था परिवर्तन, वर्ष परिवर्तन के महत्वपूर्ण बिंदु– संस्था प्रमुख/प्राचार्य/छात्रवृत्ति प्रभारी द्वारा गत वर्ष बहुत ही त्रुटिपूर्ण जानकारी प्रेषित की गई थी जिसके कारण बहुत ही कठिनाईयों का सामना करना पड़ा । कृपया निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करेंगे–

**1 संस्था परिवर्तन** – इस वर्ग में वे विद्यार्थी आएंगे जो पिछले साल किसी और संस्था में अध्ययनरत थे और वर्तमान में आपके संस्था में अध्ययनरत है उदाहरण के लिए कोई विद्यार्थी किसी संस्था में बीए प्रथम वर्ष में अध्ययनरत था और वर्तमान आपके संस्था में बीए द्वितीय वर्ष में एडमिशन लिया है। ध्यान रहे यहा विद्यार्थी द्वारा सिर्फ संस्था चेंज गया है कोर्स नही।

**2 कोर्स परिवर्तन** – इस वर्ग में वे विद्यार्थी आएंगे जो पिछले साल किसी और ब्राच लेकर अध्ययनरत थे और वर्तमान में ब्रांच चेंज किया है उदाहरण के लिए कोई विद्यार्थी पिछले वर्ष बीएससी प्रथम वर्ष में अध्ययनरत था और वर्तमान में बीएसी छोड़कर बीए प्रथम वर्ष में एडमिशन लिया है। यहां ध्यान रहे यहा विद्यार्थी द्वारा सिर्फ कोस चेंज गया है संस्था नही।

**दूसरा महत्वपूर्ण** – ***ये कि ऐसे विद्यार्थी द्वारा बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रवृत्ति की जमा की जावेगी तब ही उसे बीए प्रथम वर्ष की छात्रवृत्ति आवेदन की अनुमति दी जावेगी।***

**3 कोर्स एवं संस्था परिवर्तन**– इस वर्ग में वे विद्यार्थी आएंगे जो पिछले साल अन्य कोर्स लेकर अध्ययनरत थे और वर्तमान में कोर्स एवं संस्था दोनों चेंज किया है उदाहरण के लिए कोई विद्यार्थी पिछले वर्ष बीएससी बायो/मैथ्स्य लेकर पढ़ाई कर रहा था और वर्तमान में कोस अधूरा छोड़कर बीएसी नर्सिंग अथवा इंजीनियरिंग अथवा बीबीए, बीसीए इत्यादि में एडमिशन लिया है। यहां ध्यान रहे विद्यार्थी द्वारा संस्था एवं कोर्स दोनो चेंज गया है।

**दूसरा महत्वपूर्ण** – ***ये कि ऐसे विद्यार्थी द्वारा बीएससी की छात्रवृत्ति की जमा की जावेगी तब ही उसे संस्था कोर्स परिवर्तन की अनुमति दी जावेगी।***

**4 वर्ष परिवर्तन**– इस वर्ग में वे विद्यार्थी आएंगे जो विगत एक वर्ष पूर्व में प्रथम वर्ष में अध्ययनरत थे और वर्तमान में तृतीय वर्ष में अध्ययन है उनका वर्ष परिवर्तन किया जाना है। उदाहरण के लिए कोई विद्यार्थी विगत एक वर्ष पूर्व अर्थात् सत्र 2022–23 में प्रथम वर्ष में अध्ययनरत था किसी कारणवश सत्र 2023–24 में छात्रवृत्ति आवेदन नही भर पाया एवं सत्र 2024–25 में तृतीय वर्ष में अध्ययरत है ऐसे विद्यार्थियो के छात्रवृत्ति आवेदन में द्वितीय वर्ष प्रदर्शित हो रहा है उनका वर्ष परिवर्तन कर तृतीय वर्ष किया जाना है दूसरा उदाहरण ये कि कोई विद्यार्थी सत्र 2023–24 में स्नातक अंतिम वर्ष में अध्ययनरत था एवं किसी कारणवश छात्रवृत्ति आवेदन नही भर पाया एवं सत्र 2024–25 में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में एडमिशन **लिया है ऐसे विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति आवेदन में स्नातक अंतिम वर्ष प्रदर्शित हो रहा है उनका वर्ष परिवर्तन किया जाना है।**

आवेदन का प्रारूप

## संस्था परिवर्तन/पाठ्यक्रम परिवर्तन/संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनो परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र
(जो लागू हो उसे लिखा जावे)

प्रति,

श्रीमान् प्राचार्य महोदय,
..............................................................
..............................................................
जिला – बालोद

विषय :— संस्था परिवर्तन/पाठ्यक्रम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि मैं .................................. पिता श्री ......................... आपके महाविद्यालय/संस्था में पाठ्यक्रम.....................................................वर्ष .................... का नियमित विद्यार्थी के रूप में वर्ष 2024–25 में प्रवेश लिया हूं। मेरा छात्रवृत्ति आईडी क्र. ....................................... है। मेरे छात्रवृत्ति आवेदन पत्र में पूर्व अध्ययनरत् संस्था ........................................................................ पाठ्यक्रम .................................. वर्ष................. दिख रहा है। मेरे द्वारा संस्था परिवर्तन/पाठ्यक्रम परिवर्तन/संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनो परिवर्तन (जो लागू हो उसे लिखा जावे) हेतु आवेदन आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। कृपया इस संबंध में उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

संलग्न :—

1 पिछली कक्षा की अंकसूची की प्रतिलिपि
2 वर्तमान सत्र में प्रवेश की रसीद की प्रतिलिपि
3 आधार कार्ड की प्रतिलिपि

हस्ताक्षर
नाम– ..........................................
मो.नं.–..........................................

---

## प्रमाण पत्र/अनुशंसा पत्र (संस्था के प्राचार्य द्वारा भरा जावे)

प्रमाणित किया जाता है कि विद्यार्थी ..................................... पिता श्री ....................................... हमारे संस्था में पाठ्यक्रम.....................................................वर्ष .......................का नियमित विद्यार्थी के रूप में वर्ष 2024–25 में अध्ययनरत् है। इनका प्रवेश क्रमांक ............................. दिनांक ...................... है। छात्र .............................................. 1.संस्था परिवर्तन/2.पाठ्यक्रम परिवर्तन/3.संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनो परिवर्तन (जो लागू हो उसे लिखा जावे) की अनुशंसा की जाती है। उक्त विद्यार्थी का नाम एवं मोबाईल नंबर छात्रवृत्ति प्रभारी द्वारा रजिस्टर में दर्ज किया गया है। ताकि विद्यार्थी को उक्त के *संबंध में जानकारी दी जा सकें।*

प्राचार्य के हस्ताक्षर व सील